# भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किए जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कॉलोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत, अनुमोदित कॉलोनियों को छोड़कर नगर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है तद् उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाएगी। नागरिक भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त करें। स्वदेश

स्वदेश १२/१२/१२

# भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

रतलाम। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किए जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है, तदुपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जाएगी। नागरिक भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त करें।

प्रसारण

प्रसारण १२/१२/१२

# धोखाधड़ी : दो कालोनाइजरों की अग्रिम जमानत निरस्त

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बगैर अनुमति के कालोनी निर्माण करने के मामले में दर्ज धोखाधड़ी के एक प्रकरण में आरोपित 42 वर्षीय बालकिशन पुत्र रामनारायण पिरोदिया निवासी महावीर नगर व 60 वर्षीय अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल कदीर निवासी ईमली वाली गली, सेठजी का बाजार को भी न्यायालय से अग्रिम जमानत नहीं मिल पाई। दोनों की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए अलग-अलग याचिका प्रस्तुत की गई थी। सुनवाई के बाद न्यायालय (जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता) ने दोनों की अग्रिम जमानत की याचिका निरस्त कर दी।

गौरतलब है कि नगर निगम की तरफ से अवैध कालोनी निर्माण के लिए आरोपित बालकिशन, अब्दुल वहीद, अशरफ बेलिम निवासी मोहन टाकीज क्षेत्र व मुजीब निवासी अशोक नगर के खिलाफ बगैर अनुमति के कालोनी निर्माण करने पर प्रकरण दर्ज करने के लिए प्रतिवेदन भेजा था। प्रतिवेदन में बताया गया था कि चारों आरोपितों ने अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे नगर तथा ग्राम निवेश विभाग व नगर निगम से अनुमति लिए बगैर अवैध कालोनी का निर्माण किया गया है। नगर निगम, राजस्व विभाग व पुलिस को संयुक्त दल ने 18 नवंबर 2201 को वहां पहुंचकर भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क, सीवरेज लाइन व वायर फेंसिंग को हटाया था। अवैध निर्माण हटाने में 15 हजार रुपये प्रतिघंटे के हिसाब से आरोपित मुजीब व अन्य को 67 हजार 500 रुपये नगर निगम में जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया था।

आरोपितों ने रुपये जमा नहीं कराए। नगर निगम के प्रतिवेदन पर माणकचौक पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ एक दिसंबर को भादंवि की धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। आरोपित बालकिशन व अब्दुल वहीद की तरफ से गत दिनों अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे। प्रकरण में शासन की तरफ से पैरवी लोक अभियोजक विमल छिपानी ने की।

**15 कालोनाइजरों पर दर्ज है प्रकरण**

एक सप्ताह पहले इसके पहले स्टेशन रोड थाने पर दर्ज अवैध कालोनी निर्माण प्रकरण में एक सप्ताह पहले आरोपित तेजसिंह पुत्र शंभुसिंह निवासी धभाई जी का वास द्वारा भी अग्रिम जमानत के लिए याचिका पेश की गई थी, जिसे न्यायालय ने सुनवाई के बाद 4 दिसंबर को निरस्त कर दिया था। शहर में 1 व 2 दिसंबर को 15 कालोनाइजरों के खिलाफ छह अलग-अलग प्रकण दर्ज किए गए थे, जिनकी पुलिस विवेचना कर रही है।

नई.

नईदुनिया 12/12/21

# दो कॉलोनाइजरों के अग्रिम जमानत आवेदन खारिज किए

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. अशोकनगर ग्रीन सिटी में अवैध रूप से भूखंड काटकर बेचने वाले दो कालोनाइजरों अब्दुल वहीद पिता अब्दुल कादिर व बालकृष्ण पिता रामनारायण पिपलोदिया की तरफ से लगे अग्रिम जमानत आवेदन को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। लोक अभियोजक विमल छिपानी ने बताया इन दोनों कालोनाइजरों 9 दिसंबर को अग्रिम जमानत आवेदन लगाया था जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 10 दिसंबर को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। इनके साथ कुछ अन्य कालोनाइजर भी हैं जिनके खिलाफ इनके पार्टनर के रूप में माणकचौक पुलिस थाने में नगर निगम की तरफ से दिए गए पत्र के बाद धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था।

## यह था मामला

माणकचौक पुलिस ने अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे बनाई जा रही सर्वे क्रमांक 534/2, 534/4/2/2, 534/4/1/2 व 534/4/2/1 रकबा 0.489 हैक्टेयर भूमि अवैध कालोनी के मामले में निगम के सब इंजीनियर ब्रजेश कुशवाह के प्रतिवेदन पर कालोनाइजर मुजीब पिता इनामुर रहमान निवासी अशोक नगर, अशरफ बेलिम पिता अब्दुल बेलिम, अब्दुल वहीद पिता अब्दुल कादिर निवासी मोहन टाकीज और बालकृष्ण पिता रामनारायण पिपलोदिया निवासी महावीर नगर के विरुद्ध 420 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। निगम, नजूल और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग अनुमति लिए बगैर भूखंड काटकर भूखंड बेच दिए। बिना अनुमति के इन लोगों ने करके धोखाधड़ी की।

पत्रिका।

पत्रिका 12/12/21

# नेशनल लोक अदालत में निपटे 436 केस, मिली 874 को राहत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 436 प्रकरणों का निपटारा हुआ। निराकरण के बाद अब तारीख-पेशी पर आने से 874 लोगों को मुक्ति मिली। नेशनल लोक अदालत में 816 प्रि लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ इसमें 913 लोग लाभांवित हुए। शनिवार सुबह जिला न्यायालय के एडीआर भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजेशकुमार गुप्ता ने नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन किया। नेशनल लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों में फौजदारी के 846 तथा रेवेन्यू के 484 केस का निराकरण हुआ, 1330 लाभान्वित हुए।

उद्घाटन समारोह में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हितेन्द्रकुमार मिश्रा, विशेष न्यायाधीश डीएस चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अरुण श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश संतोषकुमार गुप्ता, अरूण खराडी, लक्ष्मणकुमार वर्मा, योगेन्द्रकुमार त्यागी, शैलेष भदकारिया, अफजल खान, नीलेश कुमार जिरेती, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल वर्मा, स्पे. रेलवे मजिस्ट्रेट विजय चौहान, न्यायाधीश अंजय सिंह, कृष्णा अग्रवाल, नेहा उपाध्याय, नितिन सोनी, ज्योति राठौर, अनुराधा गौतम, बबीता प्रजापत एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी पूनम तिवारी अभिभाषक संघ अध्यक्ष अभय शर्मा, सचिव विकास पुरोहित अन्य अधिवक्ता तथा न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## दांपत्य जीवन पुनः प्रारंभ हुआ

कुटुंब न्यायालय में लंबित दांपत्य जीवन पुनः स्थापना के प्रकरण में आपसी राजीनामे के बाद तीतरी निवासी पति-पत्नी दांपत्य जीवन खुशी-खुशी बिताने का संकल्प लेकर न्यायालय से अपने घर गए। अभिभाषक महेश मकवाना ने बताया तीतरी निवासी विजय पिता नानालाल जोगचंद का विवाह 28 जनवरी 2021 को हुआ था। व्यवसाय के सिलसिले में विजय घर से बाहर रहते थे। इसी बात पर पत्नी से मतभेद हुआ और पत्नी मायके चली गई। जिला जज राजेशकुमार गुप्ता, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हितेन्द्रकुमार मिश्रा और अभिभाषक मकवाना ने दंपती को समझाया। नेशनल लोक अदालत में दोनों के बीच समझौता हुआ और दोनों न्यायालय से अपने घर गए।

## नेशनल लोक अदालत में निपटे प्रकरण

| प्रकरण की प्रकृति | रखे गए केस | निराकृत संख्या | लाभान्वित व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| आपराधिक | 432 | 43 | 69 |
| चेक बाउंस | 1534 | 109 | 210 |
| मोटर क्लेम | 599 | 44 | 124 |
| वैवाहिक | 256 | 21 | 53 |
| दीवानी प्रकरण | 747 | 53 | 140 |
| विद्युत प्रकरण | 516 | 108 | 151 |
| श्रम न्यायालय के प्रकरण | 18 | 06 | 12 |
| अन्य | 718 | 52 | 115 |
| कुल | 4820 | 436 | 874 |

## प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण हुआ

- भारत संचार निगम लिमि. के 749 प्रकरणों में से 46 का निराकरण हुआ और उपभोक्ताओं ने 1,94,273 रुपए जमा किए।
- बैंक और फायनेंस कंपनियों के 7839 में से 168 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें उपभोक्ताओं ने 45,04,709 रुपए जमा करवाए।
- बिजली विभाग के 643 में से 102 प्रकरणों का निराकरण हुआ, 16,93,506 रुपए जमा करवाए।
- जलकर के 62 प्रकरणों में 13,25,000 रुपए और संपत्तिकर के 160 प्रकरणों में 21,40,059 रुपए जमा हुए।

भास्कर

दै. भास्कर 12/12/21

# सीएम आए, किसी को पता नहीं...

**रतलाम, नप्र। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज कहने को रतलाम आए, लेकिन शहर में उनका आगमन नहीं हुआ... पटरी पार इलाके में ही मेडिकल कॉलेज से अमृत गार्डन होकर वापस चले गए, जिससे शहरवासी को पता ही नहीं चला कि मुख्यमंत्री आज रतलाम भी आए है।**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आज रतलाम का दौरा कर एक साथ दो काम निबटा लिए। वैसे तो खासतौर पर जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के बेटे की शादी में शामिल होने आए थे। बंजली हवाई पट्टी से वे सीधे रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने समीक्षा बैठक लेकर रतलाम कॉलेज के कामों की समीक्षा कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

## शिवराजसिंह चौहान ने आज रतलाम का दौरा किया...

इसके बाद वे मेडिकल कॉलेज से सीधे अमृत गार्डन पर मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय के बेटे की शादी का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से शामिल होकर नए वर-वधू को आशीर्वाद दिया। अमृत गार्डन से ही वे सीधे बंजली पट्टी पर पहुंचे, जहां से इंदौर के लिए रवाना हो गए। पटरी पार इलाके में ही मुख्यमंत्री अपना दौरा कर गए और शहरवासियों को पता भी नहीं चल पाया।

हालांकि मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे प्रशासन की गाड़ियों का काफिला पटरी पार इलाके से होता हुआ शहर के दोबत्ती क्षेत्र तक आता-जाता रहा, जिससे नगरवासियों को इतना तो यकीं हो गया कि कोई ना कोई वीआईपी शहर में आ रहा है, लेकिन आज जब मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान रतलाम आए और चले गए तो इसका नगरवासियों को पता भी नहीं चल पाया। हालांकि भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं के अलावा पटरी पार के लोगों ने जरूर सीएम के काफिले को देख उनका अभिवादन कर स्वागत किया।

सीएम की अगवानी के लिए जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया भी रतलाम पहुंचे, वहीं संभागायुक्त संदीप यादव भी कल से ही रतलाम आ गए थे। सीएम से पहले उन्होंने ही मेडिकल कॉलेज की तैयारियों की जानकारी लेकर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। कल ही उन्होंने तकादा कर दिया था कि मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाए रखा जाए। सीएम की सुरक्षा के प्रबंधों का जायजा लेकर बंजली हवाईपट्टी पर की जाने वाली सुरक्षा इंतजामों को भी देख चुके थे। आज सुबह भी सीएम के आने से पहले सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से निरीक्षण किया। प्र.की. II

प्रभातकिरण। 11/12/21

## माही विहार व योगी विहार को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ा

रतलाम। विधायक चेतन काश्यप व कलेक्टर तथा निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम विकास प्राधिकरण की माही विहार व योगी विहार कालोनी के नागरिकों पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ने का कार्य पूर्ण किया गया। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि रतलाम विकास प्राधिकरण की उक्त दोनो कालोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशानुसार कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा जा चुका है रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन लिये जाने पर पेयजल की सप्लाय प्रारंभ की जावेगी। प्रसारण

प्रसारण 12/12/21

## माही विहार व योगी विहार को मुख्य पेयजल पाइप लाइन से जोड़ा

रतलाम ● रतलाम विकास-प्राधिकरण की माही विहार व योगी विहार कॉलोनी के नागरिकों पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कॉलोनी की पाइप लाइन को मुख्य पेयजल पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य पूर्ण किया गया। श्री झारिया ने बताया कि रतलाम विकास प्राधिकरण की उक्त दोनों कॉलोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशानुसार कॉलोनी की पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा जा चुका है। रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन लिए जाने पर पेयजल की सप्लाय प्रारंभ की जाएगी। स्वदेश

स्वदेश 12/12/21

## माही व योगी विहार को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ा

रतलाम। आरडीए की माही व योगी विहार कालोनी के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पेयजल पाईप लाईन से जोड़ने का कार्य पूर्ण किया गया। निगमायुक्त ने बताया रतलाम विकास प्राधिकरण की दोनों कालोनी के नागरिकों को धोलावाड़ का मीठा पेयजल उपलब्ध कराये हेतु कालोनी की पाईप लाईन को मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा गया हैं। नवभारत

नवभारत 12/12/21

## नजूल एनओसी अनिवार्य

रतलाम। भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की एनओसी को अनिवार्य किया गया है।

## बैठक में निर्वाचन की तैयारियों और कार्यक्रम की दी जानकारी

नवभारत

रतलाम। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दृष्टिगत जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एमएल आर्य द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक निर्वाचन की तैयारियों तथा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत जमुना भिड़े, आलोट एसडीएम राजेश शुक्ला, जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति,



रतलाम एसडीएम अभिषेक गहलोत, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी दिनेश शर्मा, जाफर हुसैन, पीयूष बाफना एवं नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे।

नवभारत 12/12/21

## भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

रतलाम। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेष गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेष विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगर के सभी स्थानों पर सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है तद् उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

सिंहम-11

सिंहम - 11/12/21.

# दोनों डोज का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर रतलाम शहर ने रिकार्ड बनाया है : मुख्यमंत्री



## मुख्यमंत्री श्री चौहान को कलेक्टर ने तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों से अवगत कराया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शनिवार को रतलाम आगमन पर स्थानीय बंजली हवाई पट्टी पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की और कोरोना तीसरी लहर के अंदेशे के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मुख्यमंत्री को जिले में तीसरी लहर से निपटने हेतु की गई समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। स्थानीय मेडिकल कॉलेज में किए गए प्रबंधों, ऑक्सीजन प्लांट तैयारियों, मेडिकल उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्रीने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## प्रेस क्लब के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा

रतलाम। प्रदेश के मुख्मयंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम प्रेस क्लब भवन पॉवर हाउस रोड के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। साथ ही सीएम श्री चौहान ने जनवरी में प्रेस क्लब के नवनिर्मित द्वितीय तल का लोकार्पण करने का भी आश्वासन दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम प्रेस क्लब के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की है। रतलाम प्रेस क्लब के

प्रसारण न्यूज • रतलाम

हमारा बढ़ता हुआ महानगर है। वे आगामी जनवरी माह में पुनः रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की

# पेंशन लेने वाले 6109 का भौतिक सत्यापन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम अमले ने शहर के 6109 पेंशन लेने वालों का भौतिक सत्यापन पूरा कर लिया है। इसमें सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन के हितग्राही शामिल हैं।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया अब तक 60 प्रतिशत हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। बाकी पेंशन लेने वाले भी निगम के आईटी सेल में आवश्यक दस्तावेज दिखाकर भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। उधर संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 2399 हितग्राहियों को प्रथम कार्यशील पूंजी के 10 हजार रुपए तथा 130 हितग्राहियों को द्वितीय कार्यशील पूंजी 20 हजार रुपए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके अलावा एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 76 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। भास्कर

दै. भास्कर 12/12/21

# मास्क नहीं लगाने पर 81 एवं गंदगी करने पर 29 पर जुर्माना

**रतलाम** ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कारवाई जा रही है। जिसके तहत शुक्रवार को 29 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 81 व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई। स्वदेश

स्वदेश 12/12/21

# 67 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 67 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 20900, ट्रैक्टर-ट्राली से 14585, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17190, काम्पेक्टर गीला कचरा 13830 कुल 67225 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। न दु.

नईदुनिया 12/12/21

# नाम निर्देशन-पत्र के साथ पंचायतों को देय देनदारियों का प्रस्तुत करना होगा अदेय प्रमाण-पत्र

प्रसारण न्यूज • रतलाम

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों को अपने नाम निर्देशन-पत्र के साथ पंचायत को देय समस्त देनदारियों (शोध्यों) का अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नाम निर्देशन-पत्र के साथ अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर नाम निर्देशन-पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। अदेय प्रमाण-पत्र नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा के लिए निर्धारित तिथि एवं समय तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने बताया है कि अदेय प्रमाण-पत्र निर्वाचन की घोषणा के पूर्व के वित्तीय वर्ष तक का प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप में अदेय प्रमाण-पत्र ग्राम पंचायत के लिए सचिव, जनपद पंचायत के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और जिला पंचायत के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा।

अभ्यर्थी द्वारा जिस पंचायत के लिए नाम निर्देशन-पत्र भरा जा रहा है, उस पंचायत का अदेय प्रमाण-पत्र लगाना होगा। यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी अन्य पंचायत का पदाधिकारी/सदस्य रहा हो, तो उसे पूर्व पंचायत का भी अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अर्थात यदि कोई अभ्यर्थी पूर्व में सरपंच रहा है और अब जनपद/जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे जनपद/जिला पंचायत के साथ ग्राम पंचायत का भी अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार यदि कोई पूर्व जनपद पंचायत सदस्य या जिला पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत के सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे ग्राम पंचायत के साथ संबंधित जिला/जनपद पंचायत का भी अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन - जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



रतलाम। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दृष्टिगत जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एम.एल. आर्य द्वारा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक निर्वाचन की तैयारियों तथा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, आलोट एसडीएम राजेश शुक्ला, जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति, रतलाम एसडीएम अभिषेक गहलोत, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी दिनेश शर्मा, जाफर हुसैन, पीयूष बाफना एवं नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण 12/12/21

## दोनों डोज का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर

# रतलाम शहर ने रिकार्ड बनाया : मुख्यमंत्री चौहान



रतलाम। दोनों डोज का टीकाकरण कार्य रतलाम शहर में शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसके लिए सांसद, विधायकगण, सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, प्रशासनिक व स्वास्थ्य अमला तथा मीडिया के बंधु बधाई के पात्र हैं।

### ▶ मुख्यमंत्री पत्रकारों से हुए रुबरु

रतलाम आए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उक्त बात शनिवार को हैलीपेड पर पत्रकारों से रुबरु होकर कही। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पहले व दूसरे डोज का टीकाकरण पूर्ण कर रतलाम शहर ने म.प्र. में रिकार्ड बनाया है और प्रसन्नता की बात है कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 90 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लग गया है। शीघ्र ही रतलाम मप्र का ऐसा पहला जिला होगा जो दूसरे डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं। आक्सीजन प्लांट भी पूरी तरह से तैयार है। आक्सीजन की शुद्धता भी 96 प्रतिशत आ रही है। सभी आवश्यक उपकरण भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रतलाम हमारा बढता हुआ महानगर है। वे आगामी जनवरी माह में पुन: रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति को देखेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, शहर विधायक चैतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा पत्रकारगण व मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सीएम को तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों से अवगत कराया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बंजली हवाई पट्टी पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की और कोरोना तीसरी लहर के अंदेशे के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मुख्यमंत्री को जिले में तीसरी लहर से निपटने हेतु की गई समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। स्थानीय मेडिकल कॉलेज में किए गए प्रबंधों, ऑक्सीजन प्लांट तैयारियों, मेडिकल उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्रीने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता से कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों तथा मेडिकल कालेज के अस्पताल के शुभारम्भ की तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज में सीटी स्केन मशीन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीन ने बताया कि आगामी 20-25 दिनों में सीटी स्केन मशीन स्थापित हो जाएगी। मेडिकल कालेज में पर्याप्त मात्रा में मेडिकल उपकरण व दवाईयां उपलब्ध हैं। मेडिकल कालेज का अस्पताल भी आगामी माह तक लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेडिकल कालेज के विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन की प्रगति के लिए आशीर्वाद भी दिया।

### प्रेस क्लब के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम प्रेस क्लब भवन पॉवर हाउस रोड के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की है। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन एवं सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री से प्रेस क्लब सदस्यों ने हेलीपेड पर भेंट की। हैलीपैड पर प्रेस क्लब की ओर से एक मांग पत्र सौंपा गया। इसमें भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए मुख्यमंत्री से राशि की मांग की गई। इस पर श्री चौहान ने तत्काल मांग को स्वीकृत करते हुए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्षद्वय अमित निगम, राकेश पोरवाल, पत्रकार नरेंद्र जोशी, अरुण त्रिपाठी, सुधीर जैन, विजय मीणा,सुशील खरे, इंगित गुप्ता, सौरभ पाठक, कमलसिंह, सौरभ कोठारी, अशोक शर्मा, शिवेंद्र दुबे, विकल्प मेहता, दिव्यराजसिंह, , राजेश पुरोहित, विनोद वाधवा, यश शर्मा, चंद्रशेखर सोलंकी, स्वदेश शर्मा, दिलजीत मान, नीरज बरमेचा आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने जावरा विधायक के सुपुत्र एवं पुत्रवधु को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान शनिवार जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के सुपुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदम्पत्ति पायस एवं पुत्रवधु डॉ. विशाखा को सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। साथ ही विधायक डॉ. पाण्डेय, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय व अन्य परिजनों से चर्चा भी की।



# खुले में गंदगी करने पर 29 व्यक्तियों पर जुर्माना

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 10 दिसम्बर को 29 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर निलेश डाट की पुल पर 200, अजहर अली सागोद रोड, जितेन्द्र बाजना बस स्टैण्ड, संतोश किराना, पृथ्वीराज जावरा रोड, सुभाश, प्रदीप मालवीय, पंकज, नदीम, स्टेशन रोड, सुनील महू रोड, समरथमल मित्र निवास रोड पर 100-100, अनिल-रमेश, सोनू सागोद रोड, राजेश, किशोर, संदीप पाटीदार बाजना बस स्टैण्ड, धर्मेन्द्र अमृत सागर, प्रदीप डाट की पुल, रमेश, कालू, विज्जू, जावरा रोड, महेन्द्र स्टेशन रोड, आकाश, पाण्डे, विजय महू रोड, शिवनारायण, विकास, सिद्धार्थ कुमार मित्र निवास रोड व विष्णु बैरागी पोलोग्राउण्ड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 81 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई।

सिंघम - 11/12/21

# खुले में गंदगी करने पर 29 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

- मास्क नहीं लगाने पर 81 व्यक्तियों पर जुर्माना
- नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें
- गंदगी करने वालों की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

*कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 10 दिसम्बर को 29 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।*

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर निलेश डाट की पुल पर 200, अजहर अली सागोद रोड, जितेन्द्र बाजना बस स्टैण्ड, संतोष किराना, पृथ्वीराज जावरा रोड, सुभाष, प्रदीप मालवीय, पंकज, नदीम, स्टेशन रोड, सुनील महू रोड, समरथमल मित्र निवास रोड पर 100-100, अनिल-रमेश, सोनू सागोद रोड, राजेश, किशोर, संदीप पाटीदार बाजना बस स्टैण्ड, धर्मेन्द्र अमृत सागर, प्रदीप डाटकी पुल, रमेश, कालू, विज्जू, जावरा रोड, महेन्द्र स्टेशन रोड, आकाश, पाण्डेजी, विजय महू रोड, शिवनारायण, विकास, सिद्धार्थ कुमार मित्र निवास रोड व विष्णु बैरागी पोलोग्राउण्ड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 81 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई।

प्रसारण

प्रसारण 12/12/21

## गंदगी फैलाने वाले 9 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी करते हुए नगर निगम ने स्पॉट फाइन दल को सक्रिय कर दिया है। एक सप्ताह से लगातार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को 9 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया। साथ ही आगे से गंदगी न फैलाने की समझाइश दी। उधर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व जोन प्रभारियों को हिदायत दी है कि प्रत्येक जगह से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग उठाया जाए।

## गंदगी फैलाने पर नौ लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर श्यामलाल, रामलाल नोलाईपुरा, मांगीलाल गणेश देवरी, लालाजी धानमंडी से 100-100 रुपये, अजय शर्मा, गोविंद, भगवानसिंह अमृत सागर व गोपाल पंड्या धानमंडी से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

## 6109 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार तक 6109 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

# भाजपा ने गंगेश्वर महादेव मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



रतलाम. भाजपा ने शनिवार को दिव्य काशी - भव्य काशी कार्यक्रम अंतर्गत शहर के गंगेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता का अभियान चलाया। मंडल अध्यक्ष करणधीर बड़गोत्या ने बताया इस दौरान मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। सुबह 8 बजे शुरू हुआ अभियान 10 बजे तक चलता रहा। न्यू ग्लोबस सिटी क्षेत्र में आयोजित मंदिर क्षेत्र में प्रमुख रुप से कार्यक्रम प्रभारी धरमवीर सिंह, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, सुभेंद्र गुर्जर, किरण महावर, कमलेश जोशी, सुनील जोशी सहित क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पत्रिका 12/12/21

# 436 प्रकरण निराकृत, 3.92 करोड़ के अवार्ड पारित

## नेशनल लोक अदालत ● आपसी समझौते के आधार पर 874 व्यक्ति हुए लाभान्वित

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देशभर के साथ ही शनिवार को जिला न्यायालय और जावरा, आलोट, सैलाना तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के लिए गठित 36 खंडपीठों में आपसी समझौते के आधार पर दिनभर प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई चली। न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य 4820 प्रकरण रखे गए थे। इनमें से 436 प्रकरणों का निराकरण कर उनमें 3 करोड़ 92 लाख 60 हजार 874 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। इन प्रकरणों में 874 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ समारोह जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रधान जिला न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में प्राधिकरण सचिव व जिला न्यायाशीश अरुण श्रीवास्तव, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हितेंद्रकुमार मिश्रा, विशेष न्यायाधीश डीएस चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी पूनम तिवारी, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष अभय शर्मा, सचिव विकास पुरोहित, न्यायाधीशगण, अभिभाषकगण, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी, बैंकों, बिजली कंपनी, बीएसएनएल, विधिक सहायता कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे। लोक अदालत में आए पक्षकारों को प्राधिकरण सचिव द्वारा मास्क का वितरण किया गया।



नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ समारोह मे दीप प्रज्वलित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश राजेशकुमार गुप्ता व जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष अभय शर्मा। ● नईदुनिया

नेशनल लोक अदालत में श्रम विभाग के 18 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से छह का निराकरण किया गया। वहीं उपरोक्त आपराधिक प्रकरणों में 50 प्रकरण अभियोजन द्वारा रखे गए थे, जिसमें से 35 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### मुकदमे के पहले के 816 प्रकरणों का भी निराकरण

लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) के 12 हजार 285 प्रकरण रखे गए थे। इनमें से 816 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें करोड़ 41 लाख 59 हजार 270 रुपये के अवार्ड पारित किए गए व 913 व्यक्ति लाभान्वित हुए। उधर नगर निगम के जलकर के 62 प्रकरणों में 13 लाख 25 हजार रुपये की राशि जमा कराई गई। संपत्तिकर के 160 प्रकरणों का निराकरण कर 21 लाख 40 हजार 59 हजार रुपये जमा कराए गए।

बीएसएनएल के 749 में 46 प्रकरणों का निराकरण किया गया। बैंकों व फायनेंस कंपनी के 7839 में से 168 प्रकरणों का निराकरण कर 45 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा कराई गई। बिजली विभाग के 643 में से 102 प्रकरणों का निराकरण कर 16 लाख 93 हजार 506 रुपये जमा कराए गए। राजस्व एवं एसडीएम न्यायालय में फौजदारी के 846 प्रकरण तथा रेवेन्यू के 484 प्रकरणों का निराकरण किया गया इनमें 1330 व्यक्ति लाभान्वित हुए व 1.62 लाख 100 रुपये की राजस्व वसूली की गई।

### न्यायालयों में रखे गए प्रकरण व निराकरण की स्थिति

| प्रकरण की प्रकृति | संख्या | निराकृत संख्या | अवार्ड राशि | लाभांवित व्यक्ति |
|---|---|---|---|---|
| आपराधिक | 0432 | 043 | 5 लाख 79 हजार 500 | 069 |
| चेक बाउंस | 1534 | 109 | 1.56 करोड़ 43 हजार 648 | 210 |
| मोटर क्लेम | 0599 | 044 | 1 करोड़ 52 लाख 6000 | 124 |
| वैवाहिक | 256 | 021 | 60 हजार | 53 |
| दीवानी मामले | 747 | 053 | 62 लाख 58 हजार 513 | 140 |
| भरण पोषण, एमजेसी, अन्य, रेंट | 670 | 052 | 37 लाख 95 हजार 668 | 115 |
| बिजली प्रकरण | 516 | 108 | 17 लाख 45 हजार 467 | 151 |
| श्रम प्रकरण | 018 | 006 | 5 लाख 52 हजार 78 | 012 |
| राजस्व प्रकरण | 048 | 000 | 000 | 000 |
| कुल | 4820 | 436 | 3 करोड़ 92 लाख 6 हजार 874 | 874 |

नईदुनिया 12/12/21

# अब जनवरी में आएंगे सीएम योजनाओं की समीक्षा करेंगे

## एक घंटा देर से आए, 50 मिनट में चले गए, मेडिकल कालेज का निरीक्षण भी टाला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का रतलाम दौरा महज 50 मिनट में पूरा हो गया। तय कार्यक्रम में सुबह 11 बजे की बजाय दोपहर 12:05 बजे सीएम हेलीकाप्टर से बंजली हेलीपेड पर पहुंचे।

हेलीपेड से सीएम को बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज के निरीक्षण के लिए जाना था, लेकिन निरीक्षण निरस्त कर दिया गया और सीएम सीधे अमृत गार्डन में जावरा विधायक डा राजेंद्र पांडेय के बेटे पायस के विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस बंजली हवाई पट्टी आए और 12.55 बजे इंदौर के लिए हेलीकाप्टर से रवाना हो गए।

सीएम ने हेलीपेड पर पत्रकारवार्ता में कहा कि रतलाम बढ़ता हुआ महानगर है। वे जनवरी 2022 में पुनः रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति को देखने के साथ ही प्रगति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का बंजली हेलीपेड जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, रतलाम विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी ने अगवानी की। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इन्द्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मेडिकल कालेज में 20 से 25 दिन में लग जाएगी सीटी स्कैन मशीन

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का शासकीय मेडिकल कालेज के प्राध्यापकों और मेडिकल विद्यार्थियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कालेज डीन डा. जितेंद्र गुप्ता से कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों तथा मेडिकल कालेज के अस्पताल शुभारंभ की तैयारियों की जानकारी ली। डीन डा. गुप्ता ने संभावित तीसरी लहर एवं नए वैरिएंट को देखते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों की जानकारी दी। डीन ने बताया कि 20-25 दिनों में सीटी स्कैन मशीन स्थापित हो जाएगी। मेडिकल कालेज में पर्याप्त मात्रा में मेडिकल उपकरण व दवाइयां उपलब्ध है। मेडिकल कालेज का अस्पताल भी आगामी माह तक लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा।

## प्रवेश को लेकर बहस, सीएम को काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी



नाराज होकर हवाई पट्टी से बाहर खड़े भाजपा पदाधिकारियों को बुलाकर ले जाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा। ● नईदुनिया

हेलीपेड पर प्रवेश को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों में तीखी बहस हो गई। हवाई पट्टी के एक छोर पर पदाधिकारियों के लिए पांडाल लगाया गया था जबकि हेलीपेड पर सूची में तय नाम के अनुसार ही प्रवेश दिया जा रहा था। इस दौरान कई लोग सीधे ही वाहनों में बैठकर हेलीपेड पर पहुंच गए। इससे नाराज होकर भाजपा नगर पदाधिकारी नाराज हो गए और हेलीपेड पर जाने की मांग करने लगे। रोकने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि मनमाने ढंग से प्रवेश दे रहे हो। हम बेरिकेडिंग हटाकर अंदर जाएंगे। सीएम को काले झंडे दिखाएंगे। मौके पर मौजूद भाजपा नेता अरुण राव, बलवंत भाटी, मयूर पुरोहित, करणवीर, मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा आदि विरोध जताते हुए हवाई पट्टी से बाहर निकल गए। बाद में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा सभी को मनाकर अपने साथ लेकर हेलीपेड पर पहुंचे।

नईदुनिया 12/12/21





पत्रिका सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोविड की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में हम लगे हुए हैं। प्रयास यह है कि तीसरी लहर आ ही न पाए। यह बात सच है कि संक्रमित मरीज रोज आ रहे लेकिन उनकी संख्या 15-16 पूरे प्रदेश में आ रही है। उसके लिए जागरूकता के साथ हम मास्क लगाए, अनावश्यक भीड़ न हो। उसके साथ वैक्सीन जो है, उसके दूसरे डोज को भी दिसंबर माह में पूरा करना चाहते हैं।

मुझे पता चला है कि रतलाम शहर में दूसरा डोज भी शत-प्रतिशत पात्र लोगों को लग चुका है। अब मैं यह कह सकता हूं कि पहला डोज और दूसरा डोज पूरा करके रतलाम शहर ने एक रिकॉर्ड मध्यप्रदेश में बनाया है। इसके लिए मैं रतलाम की जतना, जनप्रतिनिधियों को, सांसद, विधायक, पत्रकार मित्रों को और प्रशासन की पूरी टीम को मैं बहुत बधाई देता हूं। शहर के अलावा दूसरा डोज 90 प्रतिशत लोगों को लग चुका है।

## विद्यार्थियों ने किया सीएम का स्वागत

सीएम विवाह समारोह से लौट रहे थे कि मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं सड़क पर उनके स्वागत के लिए खड़े नजर आए। यह देख सीएम ने काफिला रूकवाया और बच्चों के स्वागत करने पर उनसे चर्चा की और फिर दोनों के साथ अलग-अलग फोटो भी खिंचवाए। दरअसल पूर्व में सीएम को मेडिकल कॉलेज में क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक लेना थी जिसमें तीसरी लहर से निपटने के लिए समीक्षा की जाना थी लेकिन समय की कमी के चलते बैठक टल गई। धरी रह गई तैयारियां मेडिकल कॉलेज में सीएम के आने को लेकर की गई तैयारियां भी धरी रह गई।

## समीक्षा के लिए जनवरी में आऊंगा रतलाम

मैं जल्दी ही जनवरी के माह में रतलाम शहर की जितनी हमारी योजनाएं है, उनके क्रियान्वयन की स्थिति भी देखूंगा और अलग से भी चर्चा करूंगा। रतलाम हमारा बढ़ता हुआ महानगर है। यहां पीने का पानी हो या सीवरेज का सिस्टम है, सब पर मैं बात करूंगा। फिलहाल रतलाम मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर के साथ ऑक्सीजन प्लांट चालू है। यहां अस्पताल में 550 से बढ़ाकर 654 बेड कर दिए गए है। भगवान से प्रार्थना यह है कि इनकी जरूरत न पड़े और ईश्वर की कृपा रही तो सब बेहतर रहेगा।



## सीएम के आने पर दिखाऊंगा काला झंडा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रतलाम आने के पहले शनिवार को बंजली हवाई पट्टी में प्रवेश को लेकर भाजपा के कई बड़े पदाधिकारियों को काफी जद्दोजेहद करना पड़ी। अव्यवस्था के दौरान पार्टी के जिला प्रवक्ता अरूण राव से लेकर मंडल अध्यक्ष कृष्णाकांत सोनी पुलिस से बहस करते नजर आए।



सोनी तो इतना नाराज हो गए कि उन्होने यह तक कह दिया कि सीएम को आने दो, काला झंडा ही दिखाउंगा। दरअसल यहां गेट पर ड्यूटी पर लगे जवानों ने जिला प्रधान रहे परमेश मईड़ा को भी रोक दिया था। बाद में नाराज पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने समझा - बुझाकर शांत किया और अंदर ले गए। हेलीपेड पर सीएम का स्वागत करने के लिए शहर विधायक चैतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, सांसद गुमान सिंह डामोर, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा सहित कई भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। सीएम के हेलीपैड पर आने के बाद सामान्य चर्चा की। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि किसी की नाराजी जैसी कोई बात नहीं, जब वीआईपी आते है तो उनकी सुरक्षा व प्रोटोकाल में यह सब होता है। थोड़ी गलतफहमी हुई थी, जिसे दूर कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने साधा कांग्रेस पर निशाना बोले कांग्रेस चुनाव रूकवाने का प्रयास कर रही है



रतलाम. मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर रतलाम पहुंचे। हवाई पट्टी से अमृत गार्डन पहुंचे। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांड्य के यहां विवाह समारोह में शामिल हुए। सीएम ने जाते समय हेलीपेड पर कांग्रेस पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव होने चाहिए, काफी समय हो गया है, कांग्रेस के लोग चुनाव रूकवाने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे लगता है काफी समय हो गया है, चुने हुए जनप्रतिनिधि आने चाहिए। सीएम के इंतजार में जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस और प्रशासन का पूरा अमला सुबह से तैयारियों में जुटा रहा। हेलीपेड से लेकर मेडिकल कॉलेज और अमृत गार्डन तक बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे पर मौजूद थे। सीएम तय समय से करीब एक घंटे देरी से दोपहर 12 बजे बाद रतलाम पहुंचे। यहां आने के बाद वह हेलीपेड से सीधे जावरा विधायक के यहां विवाह समारोह में शामिल होने गए और वहां करीब दस मिनट रूकने के बाद फिर से हवाई पट्टी के लिए रवाना हो गए।

### प्रवेश से रोक दिया

पत्रिका

सीएम द्वारा शासकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड की समीक्षा बैठक भी ली जाना थी जिसे समय की कमी के चलते निरस्त कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर सीएम के आने से पहले भाजपा पदाधिकारी उनके स्वागत के लिए बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचे तो यहां गेट पर सुरक्षा कर्मियों ने उन्हे प्रवेश से रोक दिया। इस बात से नाराज भाजपा के मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी नाराज हो गए। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि अब किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिन्हे आना था वे आ चुके है।

पत्रिका 12/12/21

# प्रभारी मंत्री सीएम के साथ ग्वालियर गए, प्लेन में की रतलाम पर चर्चा



स्टेट प्लेन में मुख्यमंत्री से चर्चा करते प्रभारी मंत्री भदौरिया।

## प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस पर स्थानीय कार्यकर्ताओं से की चर्चा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम और चंबल के विकास के लिए शनिवार को प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन और जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया को अपने साथ स्टेट प्लेन से ग्वालियर ले गए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कोरोना वायरस की तीसरी लहर को रोकने सहित अन्य विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री से बात की। इसके पहले रतलाम पहुंचे जिला प्रभारी मंत्री भदौरिया ने सर्किट हाउस पर अधिकारियों और स्थानीय पदाधिकारियों से बात कर विकास कार्यों का अपडेट लेकर उनमें आ रही समस्या को जाना। विमान में चर्चा के दौरान उन समस्याओं को बताकर मुख्यमंत्री से समाधान कराने पर जोर दिया।

भास्कर

दै. भास्कर 12/12/21

# समझाइश, सहयोग और सख्ती से हासिल किया सुरक्षा कवच

**उपलब्धि** ● मुख्यमंत्री चौहान ने की शहर के शत-प्रतिशत वैक्सीनेट होने की घोषणा और दी बधाई, तीसरी लहर को थामने के प्रयास तेज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में 31 दिसंबर तक सभी पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। तय समय सीमा से 20 दिन पहले ही रतलाम शहर में सभी पात्र लोगों को वैक्सीनेट कर दिया गया। जिले में अब तक 1052089 लोगों को पहली व 977487 को दूसरी डोज लगाई गई है। रतलाम शहर में तय लक्ष्य से 7.69 प्रतिशत अधिक कुल 107.69 प्रतिशत वैक्सीन लगाई गई है। वैक्सीनेशन लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, महिला बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग का अमला जुटा रहा। निजी संस्थानों में संचालकों को समझाइश और सख्ती दोनों का सहारा लेकर कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

**वैक्सीनेशन के 329 दिन, सुमित्रा को लगा था पहला टीका:** 16 जनवरी 2021 को टीकाकरण की शुरुआत की गई थी। तब बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज में सुबह 11.12 बजे कालेज में पदस्थ सफाई कर्मचारी सैलाना के भीलों की खेड़ी निवासी 33 वर्षीय सुमित्रा पत्नी मुकेश भाभर को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लगाया गया था। टीका लगवाने वालों को गुलाब का फूल भेंट किया गया। 16 जनवरी को मेडिकल कालेज केंद्र पर शाम पांच बजे तक 54 व बाल चिकित्सालय केंद्र पर 49 फ्रंटलाइन वर्करों ने टीका लगवाया। दोनों केंद्रों पर 100-100 फ्रंटलाइन वर्कर को एसएमएस भेजे गए थे।



16 जनवरी 2021 को शासकीय मेडिकल कालेज केंद्र पर सफाई कर्मचारी सुमित्रा भाभर को पहला टीका लगाया गया था। ● फाइल फोटो

### जिले में टीकाकरण की स्थिति

| विकासखंड | लक्ष्य | पहली डोज | दूसरी डोज |
|---|---|---|---|
| आलोट | 165665 | 157293 | 148004 |
| बाजना | 24432 | 96800 | 87490 |
| जावरा | 183908 | 188422 | 169313 |
| पिपलौदा | 104685 | 92040 | 87038 |
| सैलाना | 102111 | 96628 | 80174 |
| रतलाम ग्रामीण | 190934 | 179105 | 174450 |
| रतलाम शहर | 229178 | 246803 | 226016 |



रतलाम शहर में तय लक्ष्य से 7.69% अधिक कुल 107.69 प्रतिशत वैक्सीन लगाई गई है

### जिले में श्रेणीवार वैक्सीनेशन की स्थिति

| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य कार्यकर्ता | 18617 |
| फ्रंटलाइन वर्कर | 20202 |
| 18 से 44 वर्ष | 1289454 |
| 45 से 60 वर्ष | 454475 |
| 60 वर्ष से अधिक | 246828 |

### लक्ष्य के लिए किए ये जतन

**चलित सेंटर**-आटो, मैजिक मे चलित वैक्सीन सेंटर बनाए गए। इसमे अमला उन लोगो तक पहुंचा जो लोग किसी वजह से सेंटर तक नहीं आ पा रहे थे।

**हेल्पलाइन** : वृद्धजनो, निशक्त, दिव्यांगो को वैक्सीन लगाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। काल आते ही घर पहुंचकर वैक्सीन लगाई गई।

**वार्डवार शिविर**- शहर मे सभी 49 वार्डो मे शिविर लगाकर वैक्सीनेशन किया गया। मतदाता सूची के आधार पर वैक्सीन लगाई गई।

**वेतन रोका, दुकानें बंद कराई** : शासकीय अमले मे वैक्सीन लगाने से परहेज करने वालो का वेतन रोकने की चेतावनी दी गई, तो निजी संस्थानो मे बगैर वैक्सीन का स्टाफ मिलने पर दुकाने बंद कराई गई।

**आयोजन मे अनिवार्यता** : धार्मिक, मांगलिक, सामाजिक आयोजनो मे वैक्सीनेशन के लिए दल लगाए गए। आयोजन की अनुमति के लिए वैक्सीनेशन अनिवार्य किया गया। सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया गया।

### तीसरी लहर से निपटने के इंतजाम पूरे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा रहे है। आक्सीजन प्लांट भी पूरी तरह से तैयार है। आक्सीजन की शुद्धता भी 96 प्रतिशत आ रही है। कोशिश यह है कि तीसरी लहर आए ही नही। सभी आवश्यक उपकरण भी पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध है।

शहरवासियो की जागरूकता और सहयोग से शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य हासिल हुआ है। जिले मे भी लक्ष्य जल्द ही हासिल हो जाएगा। - **कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर**

शहरवासियो ने जागरूकता दिखाते हुए दोनो डोज लगवाए है। अब गाइड लाइन का पालन करके तीसरी लहर को रोकना है। शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए सभी बधाई के पात्र है। - **चैतन्य काश्यप, विधायक, रतलाम शहर**

नई.

नईदुनिया 12/12/21

## मुख्यमंत्री चौहान का बंजली हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रतलाम आए। स्थानीय बंजली हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि द्वारा आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीउपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज के अस्पताल का लोकार्पण जनवरी में, ओमिक्रान से निपटने की तैयारियों से हुए मुख्यमंत्री रूबरू

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

शनिवार को प्रदेश के मुखिया रतलाम मेडिकल कॉलेज में पहुंचे और कोरोना की/तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की शुरुआत जनवरी माह में होगी। मेडिकल कॉलेज में सिटी स्केन मशीन भी जनवरी के पहले सप्ताह में आ जाएगी।

मुख्यमंत्री को कोरोना की संभावित तीसरी लहर एवं नए वैरिएंट को देखते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियो के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि आगामी 20-25 दिनों में सिटी स्केन मशीन स्थापित हो जाएगी।

मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त मात्रा में मेडिकल उपकरण व दवाईयां उपलब्ध हैं। मेडिकल कॉलेज का अस्पताल भी आगामी माह तक लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन की प्रगति के लिए आशीर्वाद भी दिया।

## मुख्यमंत्री का किया स्वागत

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के शनिवार को रतलाम आगमन पर शासकीय मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापकों और मेडिकल विद्यार्थियों ने उनका आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन किया। प्रसारण

प्रसारण 12/12/21

हैलीपेड पर पत्रकारों से रूबरू हुए शिवराज, जावरा विधायक पाण्डेय के सुपुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

# दोनों डोज का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कर रतलाम शहर ने रिकार्ड बनाया है : मुख्यमंत्री

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार को रतलाम पहुंचकर जावरा विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय के सुपुत्र पायस पाण्डेय के विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदम्पत्ति को सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया एवं विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ.शैलेन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय व अन्य परिजनों से चर्चा भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री इंदौर के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार को रतलाम आगमन पर हैलीपेड पर पत्रकारों से रुबरु हुए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रतलाम शहर में दोनों डोज का टीकाकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसके लिए सांसद, विधायकगण, सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, प्रशासनिक व स्वास्थ्य अमला तथा मीडिया के बंधु बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले व दूसरे डोज का टीकाकरण पूर्ण कर रतलाम शहर ने म.प्र. में रिकार्ड बनाया है और प्रसन्नता की बात है कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 90 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लग गया है और शीघ्र ही रतलाम म.प्र. का ऐसा पहला जिला होगा जो दूसरे डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं। आक्सीजन प्लांट भी पूरी तरह से तैयार है। ऑक्सीजन की शुद्धता भी 96 प्रतिशत आ रही है। सभी आवश्यक उपकरण भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतलाम हमारा बढता हुआ महानगर है। वे आगामी जनवरी माह में पुनः रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति को देखेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदोरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, रतलाम विधायक चैतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.इन्द्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा पत्रकारगण व मीडियाकर्मी उपस्थित थे।





मुख्यमंत्री का बंजली हेलीपैड पर स्वागत किया: मुख्यमंत्री का बंजली हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि द्वारा आत्मीय स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## मुख्यमंत्री का मेडिकल कॉलेज प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्वागत किया

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम आगमन पर शासकीय मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापकों और मेडिकल विद्यार्थियों ने उनका आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जितेन्द्र गुप्ता से कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों तथा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के शुभारम्भ की तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज में सीटी स्केन मशीन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.जितेन्द्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को कोरोना की संभावित तीसरी लहर एवं नए वैरिएंट को देखते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियो के बारे मे विस्तार से अवगत करवाया। डीन ने बताया कि आगामी 20-25 दिनों में सीटी स्केन मशीन स्थापित हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त मात्रा में मेडिकल उपकरण व दवाईयां उपलब्ध हैं। मेडिकल कालेज का अस्पताल भी आगामी माह तक लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज के विद्यार्थियो को उनके भावी जीवन की प्रगति के लिए आशीर्वाद भी दिया।

## लहर से निपटने की तैयारियों से अवगत कराया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शनिवार को रतलाम आगमन पर स्थानीय बंजली हवाई पट्टी पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की और कोरोना तीसरी लहर के अंदेशे के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा मुख्यमंत्री को जिले में तीसरी लहर से निपटने हेतु की गई समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। स्थानीय मेडिकल कॉलेज में किए गए प्रबंधों, ऑक्सीजन प्लांट तैयारियों, मेडिकल उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्रीने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## प्रेस क्लब के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा

रतलाम। प्रदेश के मुख्मयंत्री शिवराजसिंहचौहान ने रतलाम प्रेस क्लब भवन पॉवर हाउस रोड के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। साथ ही सीएम श्री चौहान ने जनवरी में प्रेस क्लब के नवनिर्मित द्वितीय तल का लोकार्पण करने का भी आश्वासन दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम प्रेस क्लब के भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की है। रतलाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश जैन एवं सचिव मुकेशपुरी गोस्वामी ने बताया कि विवाह समारोह में अल्प प्रवास पर 11 दिसंबर को रतलाम आए मुख्यमंत्री श्री चौहान से प्रेस क्लब सदस्यों ने हेलीपेड पर भेंट की। हैलीपैड पर प्रेस क्लब की ओर से एक मॉंग पत्र सौंपा गया। इसमें भवन में ई-लाइब्रेरी और फर्निचर के लिए मुख्यमंत्री से राशि की मांग की गई। इस पर श्री चौहान ने तत्काल मांग को स्वीकृत करते हुए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।



**प्रसारण न्यूज़** ♦ रतलाम

**- मुख्यमंत्री श्री चौहान रतलाम में पत्रकारों से रुबरु हुए**

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार को रतलाम आगमन पर हैलीपेड पर पत्रकारों से रुबरु हुए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रतलाम् शहर में दोनों डोज का टीकाकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। इसके लिए सांसद, विधायकगण, सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, प्रशासनिक व स्वास्थ्य अमला तथा मीडिया के बंधु बधाई के पात्र हैं।

श्री चौहान ने कहा कि पहले व दूसरे डोज का टीकाकरण पूर्ण कर रतलाम शहर ने म.प्र. में रिकार्ड बनाया है और प्रसन्नता की बात है कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 90 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लग गया है और शीघ्र ही रतलाम म.प्र. का ऐसा पहला जिला होगा जो दूसरे डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं। आक्सीजन प्लांट भी पूरी तरह से तैयार है। आक्सीजन की शुद्धता भी 96 प्रतिशत आ रही है। सभी आवश्यक उपकरण भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रतलाम हमारा बढता हुआ महानगर है। वे आगामी जनवरी माह में पुनः रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति को देखेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदोरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, रतलाम विधायक चैतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेन्द्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा पत्रकारगण व मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने जावरा विधायक पाण्डेय के पुत्र एवं पुत्रवधु को आशीर्वाद दिया

*रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान शनिवार को रतलाम पहुंचकर जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के पुत्र पायस पाण्डेय के विवाह समारोह में शामिल हुए और नवदम्पत्ति पायस एवं पुत्रवधु डॉ. विशाखा को सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया एवं विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय व अन्य परिजनों से चर्चा भी की।*

प्रसारण

प्रसारण 12/12/21



# सीएम शिवराज ने वैक्सीनेशन के मामले में रतलाम की प्रसंशा की

## प्रेस क्लब को दस लाख देने की घोषणा की

रमेश सोनी

रतलाम। रतलाम के अल्प प्रवास में मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज में तीसरी लहर की तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद जावरा विधायक राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि वैक्सीनेशन की दिशा में मध्यप्रदेश में सरकार पूर्ण प्रयास कर रही हैं।और नागरिकों को दोनों डोज लगाए जाने की प्रक्रिया जारी है।तीसरी लहर ओमिक्रोन से निपटने के लिए सरकार की पूर्ण तैयारी है। रतलाम मेडिकल कॉलेज के बिस्तरों की संख्या में वृद्धि की जा चुकी है,वैक्सीनेशन के मामले में रतलाम शहर ने बहुत अच्छा कार्य किया है,तथा अधिकांश नागरिकों को वैक्सीनेशन के डोज लगाए जा चुके हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनाव रुकवाना चाह रही है किंतु चुनाव समय पर ही होंगे।उन्होंने रतलाम शहर में नागरिकों को प्रतिदिन पेयजल के लिए अधिकारियों से चर्चा करेंगे तथा जनवरी माह में वे रतलाम आएंगे वह इस बारे में उचित निर्णय लेंगे।उन्होंने रतलाम जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन,नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि रतलाम जिला शत प्रतिशत वैक्सीनेट होगा।

**यह थे मौजूद**-उनके हेलिपैड पर पंहुचने पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम,एसपी गौरव तिवारी,प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदौरिया,सांसद गुमान सिंह डामोर विधायक चेतन कश्यप,डॉ राजेंद्र पांडे,दिलीप मकवाना जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री वैवाहिक परिसर अमृत गार्डन में वैवाहिक समारोह में शामिल होने के बाद वापस इंदौर लौटे।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस वर्ष में तीसरा रतलाम दौरा**-मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान फरवरी माह में रतलाम दौरे पर पहुंचे थे जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए थे।जिसके बाद अगस्त के महीने में वैक्सीनेशन महा अभियान का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री रतलाम पहुंचे थे। और अब 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रतलाम आगमन हुआ। जहां मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद जावरा विधायक राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल हुए और इंदौर लौट गए।

## प्रेस क्लब को 10 लाख रूपए देने की घोषणा की

उन्होंने रतलाम प्रेसक्लब की मांग पर ई लाईब्रेरी और फर्नीचर के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की तथा स्वयं द्वारा रतलाम पंहुच कर लोकार्पण करने की बात कहीं।

स्वदेश 12/12/21

मुख्यमंत्री ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए

# प्रदेश में रतलाम पहला जिला होगा जहां दूसरा डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होगा- चौहान

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने यहां पहुंचकर कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के कार्ययोजना की समीक्षा की तथा मेडिकल कॉलेज के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा डीन जितेन्द्र गुप्ता से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रतलाम पहला जिला होगा, जहां दूसरा डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होगा। उन्हें कोरोना की तीसरी लहर एवं नए वैरिएंट को देखते हुए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के संबंध में अवगत करवाया।



मुख्यमंत्री जावरा के विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के सुपुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए यहां आए थे। इसी दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में भी चर्चा की। मुख्यमंत्री रतलाम दोपहर 12 बजे के आसपास आए, यहां डेढ़ घंटे रूकने के पश्चात हेलिकॉप्टर से इंदौर के लिए रवाना हुए। हेलीपेड पर प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना ने उनकी अगवानी की। मेडिकल कॉलेज के उपकरण तथा दवाइयों के संबंध में भी उन्होंने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। मेडिकल कॉलेज में किए गए प्रबंधों, ऑक्सीजन प्लांट तैयारियों, मेडिकल उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीन ने बताया कि अस्पताल भी अगले माह तक लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन की प्रगति के लिए आशीर्वाद भी दिया।

## पत्रकारों से चर्चा की

उन्होंने हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि पहले व दूसरे डोज का टीकाकरण पूर्ण कर रतलाम शहर ने म.प्र. में रिकार्ड बनाया है और प्रसन्नता की बात है कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 90 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लग गया है और शीघ्र ही रतलाम म.प्र. का ऐसा पहला जिला होगा जो दूसरे डोज का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा रहे हैं। ऑक्सीजन प्लांट भी पूरी तरह से तैयार है। ऑक्सीजन की शुद्धता भी 96 प्रतिशत आ रही है। सभी आवश्यक उपकरण भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतलाम हमारा बढ़ता हुआ महानगर है। वे आगामी जनवरी माह में पुनः रतलाम आएंगे और योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति को देखेंगे और प्रगति की समीक्षा करेंगे। स्वदेश

स्वदेश 12/12/21

# अवैध कॉलोनी : कॉलोनाइजर अब्दुल वहीद और बालकिशन को भी नहीं मिली जमानत

**कॉलोनियों की खेती :** अब तक 3 की अग्रिम जमानत खारिज, कभी भी गिरफ्तारी संभव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिना अनुमति अवैध कॉलोनी बनाकर लोगों को ठगने वाले दो और कॉलोनाइजर की अग्रिम जमानत कोर्ट ने खारिज कर दी। इनमें पहला सेठजी का बाजार निवासी अब्दुल वाहिद पिता अब्दुल कादिर और दूसरा महावीर नगर निवासी बालकिशन पिता रामनारायण पिपलौदिया है। ये अशरफ बेलिम, मुजीब रहमान के साथ मिलकर अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे अवैध प्लाटिंग कर लोगों को ऊंची कीमत पर बेच रहे थे। इसके पहले 4 दिसंबर को ऊंकाला रोड पर अवैध कॉलोनी बनाकर प्लॉट बेचने वाले कॉलोनाइजर तेजसिंह धभाई की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है।

अक्टूबर और नवंबर में नगर निगम ने 9 अवैध कॉलोनियों का निर्माण तोड़कर 17 कॉलोनाइजरों के खिलाफ माणकचौक, स्टेशन रोड और दीनदयाल नगर थाने में प्रकरण दर्ज कराए थे। इनमें से तीन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। कोर्ट के सख्त रूख से बाकी 14 कॉलोनाइजरों के होश उड़े हुए हैं। पुलिस ने अब इनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी है।

## 'धोखाधड़ी का अपराध प्रतीत होता है, जांच भी अधूरी, ऐसे में अग्रिम जमानत देना उचित नहीं'

अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे अवैध कॉलोनी काटने वाले अब्दुल वहीद और बालकिशन पिपलौदिया ने गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक विमल छिपानी ने तर्क दिया कि बालकिशन और अब्दुल वाहिद ने बिना अनुमति कॉलोनी काटकर भूखंड विक्रय किए हैं। भले ही खरीददार ने शिकायत न की हो अपराध धोखाधड़ी का प्रतीत होता है। अपूर्ण विवेचना और अपराध की गंभीर प्रकृति देखते हुए अग्रिम जमानत देना उचित और न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। इस पर कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी। 18 नवंबर को नगर निगम, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने अशोक नगर ग्रीन सिटी के पीछे सर्वे नंबर 534/2 मीन 2 की 0.130, 534/4/2/2 की 0.225 और 534/4/1/2 की 0.064 हेक्टेयर को मिलाकर मुजीब रहमान, अशरफ बेलीम व एक अन्य, बालकिशन पिपलौदिया व अन्य की अवैध कॉलोनी में बनी सीसी रोड और सीवर लाइन सहित अन्य निर्माण को तोड़ा था। इसके बाद मानव संसाधन तथा वाहन के खर्च की वसूली के लिए नगर निगम ने 67500 रुपए जमा करवाने का नोटिस दिया था, लेकिन राशि जमा नहीं करवाई गई। इस पर 1 दिसंबर को उपयंत्री बृजेश कुशवाह ने माणकचौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## कालिकामाता मंदिर की जमीन के अतिक्रमणकर्ताओं ने कोर्ट स्टे की बात कही, प्रशासन ने आदेश की कॉपी मांगी

आनंद कॉलोनी रोड पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ऑफिस के सामने वाली श्री कालिकामाता मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटाने का मामला फिलहाल अटक गया है। प्रशासन ने लगभग 0.250 बीघा जमीन पर कब्जा करते हुए पक्के मकान और दुकाने बनाने वाले रईस पिता रसूल, अख्तर पिता रसूल, अनीस पिता रसूल को नोटिस जारी किए थे। जवाब में अतिक्रमणकर्ताओं ने 2008 में हाईकोर्ट स्टे होने की बात कही है। प्रशासन ने स्टे की कॉपी मांगी है, जो अब तक उन्होंने नहीं दी है। तीनों ने मिलकर लगभग 7350 वर्गफीट जमीन पर कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं इनके अतिक्रमण की आड़ में आसपास कुछ लोगों ने कच्ची-पक्की झोपड़ियां भी बना ली है। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया हाईकोर्ट के आदेश मंगवाया है। उसके बाद जांच कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

दै. भास्कर 12/12/21

कोविड की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में हम लगे हुए है, प्रयास यह है कि तीसरी लहर आ ही न पाए

# सीएम बोले वैक्सीनेशन में रतलाम ने प्रदेश में बनाया रेकॉर्ड







पत्रिका सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोविड की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में हम लगे हुए है। प्रयास यह है कि तीसरी लहर आ ही न पाए। यह बात सच है कि संक्रमित मरीज रोज आ रहे लेकिन उनकी संख्या 15-16 पूरे प्रदेश में आ रही हैं। उसके लिए जागरूकता के साथ हम मास्क लगाए, अनावश्यक भीड़ न हो। उसके साथ वैक्सीन जो है, उसके दूसरे डोज को भी दिसंबर माह में पूरा करना चाहते है।

मुझे पता चला है कि रतलाम शहर में दूसरा डोज भी शत-प्रतिशत

विधायक, पत्रकार मित्रों को और प्रशासन की पूरी टीम को मैं बहुत बधाई देता हूं। शहर के अलावा दूसरा डोज 90 प्रतिशत लोगों को लग चुका है।

## विद्यार्थियों ने किया सीएम का स्वागत

सीएम विवाह समारोह से लौट रहे थे कि मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं सड़क पर उनके स्वागत के लिए खड़े नजर आए। यह देख सीएम ने काफिला रूकवाया और बच्चों के स्वागत करने पर उनसे चर्चा की और फिर दोनों के साथ अलग-अलग फोटो भी खिंचवाए। दरअसल पूर्व में सीएम को मेडिकल कॉलेज में क्राइसेस मैनेजमेंट की बैठक लेना थी जिसमें तीसरी लहर



सीएम के आने पर दिखाऊंगा काला झंडा

## मुख्यमंत्री ने साधा कांग्रेस पर निशाना बोले कांग्रेस चुनाव रूकवाने का प्रयास कर रही है



रतलाम. मुख्यमंत्री शनिवार दोपहर रतलाम पहुंचे। हवाई पट्टी से अमृत गार्डन पहुंचे। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांड्य के यहां विवाह समारोह में शामिल हुए। सीएम ने जाते समय हेलीपेड पर कांग्रेस पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव होने चाहिए, काफी समय हो गया है, कांग्रेस के लोग चुनाव रूकवाने की कोशिश कर रहे है। मुझे लगता है काफी समय हो गया है, चुने हुए जनप्रतिनिधि आने चाहिए। सीएम के इंतजार में जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस और प्रशासन का पूरा अमला सुबह से तैयारियों में जुटा रहा। हेलीपेड से लेकर मेडिकल कॉलेज और अमृत गार्डन तक बड़ी संख्या में